**17 सितम्बर 2018 को होटल पलाश रेसीडेन्सी, भोपाल में आयोजित कार्यक्रम में BSNL, MADHYA PRADESH CIRCLE (BHOPAL) द्वारा देश में सर्वप्रथम Internet Telephony Service (WINGS) के उद्घाटन के अवसर पर माननीय लोक सभा अध्यक्ष का भाषण।**

----

1. BSNL द्वारा अत्याधुनिक तकनीक पर आधारित इंटरनेट टेलीफोनी सेवा **(WINGS)** के उद्घाटन के अवसर पर मुझे प्रसन्नता हो रही है। यह हर्ष का विषय है कि देश में सर्वप्रथम यह सेवा BSNL, MADHYA PRADESH CIRCLE (BHOPAL) द्वारा प्रारंभ की जा रही है। BSNL, भोपाल सदैव ही बेहतर टेलीफोन सुविधाएं उपलब्ध कराने में अग्रणी रहा है।

2. इस सेवा के शुरू होने से सस्ती दर पर इंटरनेट के माध्यम से टेलीफोन की सुविधा उपलब्ध कराने से BSNL को पुनः प्रतिस्पर्धा के इस दौर में बाजार में पैर जमाने का अवसर मिलेगा।

3. तकनीक के इस नए दौर में दूरसंचार क्षेत्र में वही कंपनियां टिक सकती हैं जो सस्ती, कुशल एवं बेहतर नेटवर्क के साथ consumer-friendly and updated technology वाली उम्दा सेवाएं प्रदान कर सके। दूरसंचार और इंटरनेट के क्षेत्र में यह कदम वास्तव में एक क्रांतिकारी कदम है।

4. हम सभी जानते हैं कि BSNL का सम्पूर्ण भारत में एक व्यापक नेटवर्क है जिसका उपयोग करके हम देशवासियों को अच्छी दूरसंचार सुविधाएं उपलब्ध करा सकते हैं। मैं BSNL को देश के शहरों, कस्बों, विशेषकर गांवों में गुणवत्तापूर्ण टेलीफोन नेटवर्क स्थापित करने के लिए भी धन्यवाद देती हूं।

5. **''विंग्स''** सेवा के लिए उपभोक्ताओं को अपने स्मार्टफोन, लैपटॉप अथवा टैबलेट में SIP नामक एक एप डाउनलोड करना होगा। इस एप के माध्यम से इंटरनेट के माध्यम से voice and video calling की जा सकती है।

6. इस तकनीक के उपयोग से, बिना किसी सिम के संबंधित उपभोक्ता को 10 अंकों का विंग्स नंबर आवंटित किया जाएगा जिन पर वॉयस और वीडियो कॉलिंग/इनकमिंग कॉल की सुविधा प्रदान की जाएगी। ''विंग्स'' सेवा प्रारंभ होने के पश्चात् उपभोक्ता अब किसी भी ऑपरेटर का कोई भी कनेक्शन जैसे ब्रॉडबैंड/वाई–फाई/3जी/4जी के माध्यम से टेलीफोन कॉल कर सकते हैं। इससे उनके टेलीफोन पर होने वाले अनावश्यक व्यय को रोका जा सकता है।

7. इसके लिए उपभोक्ता से केवल एक बार 1099/– रुपये का प्रभार लिया जाएगा जिसमें एक वर्ष तक किसी भी नेटवर्क पर निःशुल्क कॉल किया जा सकेगा। इसमें अंतरराष्ट्रीय कॉल की दरें लैंडलाइन की दरों के अनुसार रहेंगी। साथ ही विंग्स सुविधा में National and International Roaming की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी।

8. हम सभी जानते हैं कि भारत ने दूरसंचार क्षेत्र में तेजी से प्रगति की है। बदलाव और प्रगति के इस दौर में सरकार और दूरसंचार उद्योग ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और कई प्रकार के सुधारों एवं पहल से इस क्षेत्र में अप्रत्याशित वृद्धि देखी गई है।

9. चीन के बाद भारत विश्व का दूसरा सबसे बड़ा दूरसंचार सेवाएं प्रदान करने वाला देश है। हमारे देश में अब 1 बिलियन टेलीफोन उपभोक्ता हैं तथा कुल अंशदाता 1210 मिलियन हैं। अगस्त 2017 के आंकड़े के अनुसार, भारत में telephone density 93.74 percent है। ग्रामीण क्षेत्रों में यह 56.87 प्रतिशत है जबकि शहरी क्षेत्रों में 173.72 प्रतिशत है।

10. 21वीं सदी में भारत अपने नागरिकों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए प्रयास करेगा जहां सरकार और उसकी सेवाएं नागरिकों के दरवाजे पर उपलब्ध हों और लंबे समय तक सकारात्मक प्रभाव की दिशा में योगदान करें। डिजिटल इंडिया कार्यक्रम का उद्देश्य आईटी की क्षमता को इस्तेमाल कर भारत को डिजिटल रूप से सशक्त समाज और ज्ञान अर्थव्यवस्था में बदलना है।

11. डिजिटल इंडिया कार्यक्रम को बढ़ावा देने के मूल में इंटरनेट और ब्रॉडबैंड का पूरे देश में विस्तार आवश्यक है। हमारे देश में सर्वप्रथम 1995 में इंटरनेट सेवाओं की शुरूआत विदेश संचार निगम लिमिटेड द्वारा हुई थी एवं दिसम्बर

2017 के अंत तक भारत में कुल इंटरनेट कनेक्शन की संख्या बढ़कर 481 मिलियन हो गई थी।

**12. हाल के वर्षों में, call drop और connection issues एक गंभीर समस्या के रूप में उभरी है। यह भी सभी जानते हैं इमारतों के अंदर और बेसमेंट में call drop की समस्या बहुत बढ़ जाती हैं। बहुत से क्षेत्रों में लोग मोबाइल कवरेज की कमी की शिकायत करते हैं। मुझे आशा और विश्वास है कि इंटरनेट टेलीफोनी सेवा के प्रारंभ होने से सभी उपभोक्ताओं को बहुत सुविधा होगी।**

13. Wings इंटरनेट टेलीफोनी सेवा न केवल किफायती है बल्कि इसकी कई काबिलियत हैं जैसे portability, flexibility, accessibility और यह अन्य एप्स के साथ आसानी से जुड़ जाना इत्यादि।

14. इंटरनेट के लाभ से हम सभी लोग परिचित हैं। यह जानकारी उपलब्ध कराने का उत्तम स्रोत है। इससे लोगों को न केवल रोजगार, बल्कि उनके मनोरंजन इत्यादि की व्यवस्था होती है। Google Window का उपयोग करके व्यक्ति इंटरनेट के माध्यम से विविध प्रकार के सामाजिक, आर्थिक, व्यावसायिक एवं शैक्षिक कार्य सम्पादित कर सकते हैं।

15. आज तो E-Commerce, E-trade, E-mail, E-money, E-shopping की पहुंच जन–जन तक हो गई है। सोशल नेटवर्किंग जैसे

फेसबुक, ट्विटर, whatsapp ने भी इंटरनेट को युवाओं ही नहीं बल्कि सभी उम्र के लोगों के बीच लोकप्रिय बना दिया है।

16. जब हम इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से लाभ उठाई जाने वाली सेवाओं को अधिक से अधिक लोगों से जोड़ेंगे, तो स्वाभाविक रूप से लोग इसकी तरफ आकर्षित होंगे। एक निश्चित स्तर पर पहुंचने के बाद कुछ सेवाएं केवल इलेक्ट्रॉनिक माध्यम में ही उपलब्ध रहेंगी।

17. इंटरनेट टेलीफोनी के माध्यम से व्यापारिक गतिविधियों एवं आपसी सम्पर्क में जहां बहुत तेजी देखने को मिली है, वहीं दूसरी ओर virtual connect and social disconnect बड़े पैमाने पर देखने को मिला है। इस इलेक्ट्रॉनिक युग में, बच्चे, युवा, जवान, प्रौढ़ सभी बहुत ज्यादा समय कम्प्यूटर और स्मार्ट फोन पर बिताते हैं जिनसे गंभीर नेत्र एवं रीढ़ संबंधी रोग हो सकते हैं। अतः, इलेक्ट्रॉनिक जीवन एवं वास्तविक जीवन के बीच तारतम्यता बिठाना बहुत आवश्यक है।

18. इंटरनेट के माध्यम से cyber crime, financial fraud होने के खतरे भी हैं, परंतु वहीं दूसरी ओर, Internet Telephony, facebook, whatsapp जैसा सशक्त तंत्र भी इसी इंटरनेट की देन है। इंटरनेट उपयोग के दौरान सुरक्षा पर काफी काम हो रहा है। मैं समझती हूं कि भविष्य में यह पूरी अर्थव्यवस्था को एक नई दिशा एवं गति देगा।

19. मैं, सभी उपभोक्ताओं के साथ ही, संचार और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री, मंत्रालय के अधिकारियों, विशेषकर बीएसएनएल, मध्यप्रदेश सर्किल के मुख्य महाप्रबंधक डॉ. महेश शुक्ला जी एवं बीएसएनएल के अन्य अधिकारियों को Internet Telephony service के लिए बधाई देती हूं। मुझे विश्वास है कि न केवल मध्यप्रदेश बल्कि पूरे देश में इस सेवा के विस्तार में बीएसएनएल अग्रणी भूमिका निभाएगा।

20. अब, मैं इन शब्दों के साथ WINGS सेवा का श्रीगणेश करती हूं–

"Your wings already exist. All you have to do is fly."

धन्यवाद।

---